BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# एचवाईएमआईसी ने अग्रेसन बैंक को आईएसओ गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाण पत्र प्रदान किया





**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एचवाईएम इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक अलापति सिवैया ने अग्रसेन कोऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद को आईएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाण पत्र प्रदान किया और अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीए नवीन कुमार अग्रवाल और उपाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल को प्रमाण पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में सी.वी. राव सीईओ आनंद अग्रवाल डीजीएम,प्रसाद गोलेगोंकर प्रबंधक और प्रधान कार्यालय से श्रीमती संतोष शर्मा प्रबंधक और अन्य स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने श्री सिवैया से लेखापरीक्षा के निष्कर्षों के आधार पर बैंक को किन-किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इस पर चर्चा की और कहा कि बैंक गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा और सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमाण पत्र प्रदान करते समय श्री सिवैया ने बताया कि उन्होंने बैंक के बुनियादी ढांचे, आरबीआई ऑडिट रिपोर्ट की स्थिति और उसके अनुपालन, बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त, ग्राहकों की प्रतिक्रिया, आरबीआई के दिशानिर्देश, शुरू की गई। नई सेवाओं का विवरण, परिचालन मैनुअल, बैंक की उपलब्धियां आदि का मूल्यांकन किया है। श्री सिवैया ने आगे बताया कि बैंक ने सभी परीक्षणों/सत्यापनों में अर्हता प्राप्त की है और इसे आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त करने के योग्य पाया है।




# बाबा गंगाराम जी की विशाल भजन संध्या आयोजित




**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बाबा गंगाराम धाम- श्री पंचदेव मंदिर, झुंझुनूं के स्वर्ण जयंती वर्ष के अन्तर्गत, बाबा गंगाराम जी की विशाल भजन संध्या का आयोजन पवन डिडवानिया ने बंजारा हिल्स स्तिथ प्लैटिनम बैंकट हॉल में किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर बाबा गंगाराम जी, भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन जी, माता गायत्री देवी जी, लक्ष्मी माता, श्री शिव परिवार, हनुमानजी तथा माँ दुर्गा सहित पंचदेव दरबार का अलौकिक श्रृंगार सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मुंबई से पधारे प्रख्यात भजन गायक राकेश बावलियां के मधुर भजनों का आनंद उठाया। आगामी वर्ष 2025 में झुंझुनूं स्तिथ बाबा गंगाराम धाम, श्री पंचदेव मंदिर को 50 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं तथा 16 व 17 अप्रैल को झुंझुनूं मे दो दिवसीय विशाल महोत्सव होने जा रहा है। स्वर्ण जयंती वर्ष के चलते देशभर में भक्तों द्वारा इस वर्ष को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है तथा विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं सेवा कार्य भक्तों द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। बाबा गंगाराम सेवा समिति हैदराबाद के सभी सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में परिवार सदस्य तथा मित्रों ने बाबा गंगाराम जी का गुणगान किया तथा भजन संध्या उपरांत महाप्रसाद ग्रहण किया ।

# आर्य कन्या विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



**हैदराबाद, 26 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आर्य कन्या विद्यालय हाई स्कूल, देवीदीन बाग़, सुल्तान बाजार में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि आला पुरुषोत्तम राव ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय पर्व पर संदेश श्रीमती निर्मला संघी द्वारा दिया गया। विशेष अतिथियों में बद्री विशाल बंसल, श्रीमती निर्मला संघी और श्रीमती नंदनी अग्रवाल, लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद समर्पण की ओर से उपस्थित रहे।

पूर्व कॉरपोरेटर रामचंद्र राजू ने भी भाग लिया।विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। नौवीं कक्षा का छात्र विपिन को क्रिकेट बैट प्रेक्टिस करने हेतु सौंपा गया।

भविष्य में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने की अपेक्षा व्यक्त किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एम पी प्रताप रुद्र ने की। मंत्री प्रदीप जाजू ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका श्रीमती उमा तिवारी ने किया। श्रीमती निर्मला संघी और उनकी टीम ने सभी विद्यार्थियों को इस पर्व पर उपहार प्रदान किया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



कुंभ मेला अग्रवाल बंधु अशोक फाउंडेशन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में मेला क्षेत्र में सोमवार को भक्तों में अन्न सेवा की। इस अवसर पर अनंत विभूषित पूज्य महामंडलेश्वर श्री यतींद्रानंद गिरी जी महाराज तथा पुज्य श्रीमहंत राहुल दास जी महाराज का स्वागत व सम्मान किया गया। इस मौके पर पंकज कुमार अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, महक अग्रवाल मृणाल, रमेश एवं अन्य भक्तगण उपस्थित थे।



श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में रामदेवरा दरबार मंदिर, शिवरामपल्ली में 25वें वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत 30 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्री रामदेव बाबा अमृत कथा कार्यक्रम के लिए प्रसिद्ध समाज सेवी अमृत कुमार जैन को मुख्य यजमान के रूप में आमंत्रित करते हुए श्यामसुन्दर गिलडा, धर्मचन्द भंसाली एवं धर्माराम ढाका ।

# मां दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अन्नदान कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट का अन्नदान कार्यक्रम सरकारी ई.एन.टी. अस्पताल कोठी में आयोजित किया गया ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में ट्रस्ट के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट के मासिक अन्नदान कार्यक्रम में क़रीब 400 से ज़्यादा जरूरतमंदों में सेवा की गई।

उक्त अन्नदान में अस्पताल में रहने वाले मरीज़ों के सहायक एवं अस्पताल के स्टाफ की सेवा की गई । अन्नदान के प्रायोजक ट्रस्ट के अतिरिक्त प्रमोद कुमार राजेश कुमार अग्रवाल थे ।

अन्नदानम के पश्चात अस्पताल में ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अगामी 23 फ़रवरी को सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् गौशाला, गगन पहाड़ में गौ सेवा करने का निर्णय लिया । अन्नदान सेवा में अस्पताल के ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ. लायन विजय लक्ष्मी उपस्थित थी ।

इस अवसर पर विनय किशोर तायल, मुकुंद लाल अग्रवाल, गोवर्धन अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल, संतोष अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, संतोष गोयल, मधु गोयल, सपना तुलसियान, मंजू अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, डॉ. मनीषा राज, राधा अग्रवाल, आरती अग्रवाल आदि उपस्थित थे । ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल एवं एडवोकेट हेमा मालिनी तायल ने उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट किया ।

# गौरक्षादल ने 61 गोवंश को कटने से बचाया



**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** काटने के मकसद से अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर लाई जा रही गोवंश को गौरक्षा दल तेलंगाना, हिंदू वाहिनी, बजरंग दल और हिंदू तख्त के कार्यकर्ताओं ने ..गाय बचाओ.. विशेष अभियान के तहत कटने बचाया। ज्ञात हो कि यह अभियान सनातनी नव वर्ष से जारी है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के महासचिव एवं टीटीडी के पूर्व गौ संरक्षक कोटी श्रीधर ने बताया कि गौरक्षकों ने गाड़ी नं. एपी 28 टीए 3489 में 61 गोवंश को चौटूऊपल पुलिस की सहायता से पकड़ा और जियागुड़ा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में छोड़कर गोवंश को जीवन दान दिया।



गुजराती फिल्म काशी राघव के प्रीमियर शो के अवसर पर फिल्म अभिनेत्री दीक्षा जोशी का अभिनंदन करती हुईं जया जागीरदार, कीनरि सावला, तेजल मिशेरि, धारीनि जागीरदार, रीता लापसिया, जया गड़ा, हेमा गड़ा, छाया मोता, तोरल लोडाया।

# टीपीएफ, हैदराबाद द्वारा गणतंत्र दिवस पर स्वास्थ्य और पोषण शिविर का आयोजन

**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ), हैदराबाद ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जैन समुदाय में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य और पोषण शिविर का सफलता-पूर्वक आयोजन किया।

राजेन्द्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार इस शिविर की शुरुआत साध्वीश्री डॉ. गवेषणा जी के मंगलपाठ से हुई । यह शिविर श्री स्थानकवासी जैन संघ (डीवी कॉलोनी) में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें जैन तेरापंथ समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञों डॉ. तुषार चोपड़ा और डॉ.श्वेता मेहता ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।



शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श और स्वास्थ्य जाँच की गई। इस दौरान संतुलित पोषण और समग्र स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी आयु वर्ग के लोगों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया और अपनी सेहत को बेहतर बनाने के लिए व्यक्तिगत सुझाव प्राप्त किए।

टीपीएफ टीम ने सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शिविर को सफल बनाने के लिए समन्वय में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों ने सभी आगंतुकों के लिए एक स्वागतपूर्ण और सूचनात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया।

दक्त कार्यक्रम में नेशनल टीम से श्री ऋषभ दूगड़ और स्थानीय टीम से अध्यक्ष विरेंद्र घोषल, मंत्री निखिल कोटेचा, सह-मंत्री वर्षा बैद, शिखा सुराना की उपस्थिति रही।

शिविर का समापन सकारात्मक रूप में हुआ, जहाँ टीपीएफ ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। शिविर में लगभग 41 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया।



**अत्तापुर में आयोजित श्री रामचरितमानस पाठ में विंध्याचल क्षेत्र (मध्यप्रदेश) से पधारे संगीतकार और कलाकार शिवप्रसाद पटेल। अवसर पर अनिल, सुनील कुमार, पाण्डेय कमलेश त्रिपाठी, शरदेंदु द्विवेदी, अलकेश मिश्रा, पुष्पेंद्र शुक्ला, शिवकुमार तिवारी, शिवनारायण त्रिपाठी, सुखसागर तिवारी, शीतला गौतम श्रीनारायण पाण्डेय, गोविन्द पाण्डेय, सोनू मिश्रा, संतोष पाठक, शशिनारायण द्विवेदी, प्रकाश शुक्ला, नीरज शुक्ला, योगेश पाण्डेय, रामपाल पाण्डेय, सतीश त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, पैसुनी तिवारी, कुलदीप तिवारी, महन्त दर्शन दास महराज, राकेश शुक्ला, गोपाल महराज, राजू महराज, कर्ण सिंह आदि भक्तगण ने पाठ में भाग लिया।**

# तेलुगु भाषा प्रशिक्षण का पहला बैच का प्रशिक्षण पूर्ण



**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यूनियन भाषा सौहार्द इन्द्रधनुष योजना के तहत यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, अंचल कार्यालय हैदराबाद, क्षेत्रीय कार्यालय पंजागुट्टा-हैदराबाद एवं क्षेत्रीय कार्यालय सैफाबाद-हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से तेलुगु भाषा प्रशिक्षण के पहले बैच का प्रशिक्षण पूर्ण किया गया। दिनांक 24 जनवरी 2025 को आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को अंचल प्रमुख श्री कारे भास्कर राव ने प्रमाणपत्र और स्मृतिचिह्न प्रदान किया। केंद्रीय कार्यालय से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ते हुए श्री विवेकानंद, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) ने प्रशिक्षण को पूरा करनेवाले स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अंचल प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री वी एस वी नागेश, उप महाप्रबंधक एवं श्री बी श्रीनिवास राव, मुख्य प्रबंधक (परिचालन) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर तेलुगु शिक्षक श्री नागेश्वर राव एवं प्रशिक्षण प्रदाता संस्था 'हिन्दी प्रचार सभा हैदराबाद' के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में सुश्री तपस्विनी मोहंती (प्रबंधक) राजभाषा एवं सुश्री श्रृति पांडे सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ने सहयोग प्रदान किया।



अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन मार्ग शाखा, बंजारा हिल्स का गणतंत्र दिवस समारोह रविवार 26 जनवरी को प्रातः 11 बजे अग्रसेन चौक पर मनाया गया। जिसमें शाखा के अध्यक्ष मुन्ना लाल अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मुन्ना लाल अग्रवाल, मानद मंत्री सुभाष कुमार अग्रवाल, सह मंत्री कैलाश अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, महिला समिति की संयोजिका माया अग्रवाल आदि उपस्थित थे। राष्ट्र गान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।



सुशील योगशाला दोमलगुडा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सुशील जैन, निर्मल जैन, साहिल जैन, सोनाली जैन, मंजू जैन, नितिशा जैन, श्यामसुंदर, कैलाश, अजय, रिजवाना, सुनीता, माधुरी एवं अन्य उपस्थित थे।



गौ सेवा मित्र मंडल भाग्यनगर द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में श्री समर्थ कामधेनु गौशाला, जियागुड़ा में प्रभुदत्त महाराज द्वारा झंडावंदन किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, प्रदीप मोर, यश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, सुनील जयालिया, राहुल, विनय, गर्व एवं मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



बटाला तेलंगाना पंजाबी एसोसिएशन (बीटीपीए) की प्रथम वार्षिक आम बैठक होटल रॉयल रेव में समपन्न हुई। संस्था के अध्यक्ष अनीश अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया एवं सचिव सचिन गोयल ने संस्था की गतिविधियों पर विवरण दिया। संस्था के सभी सदस्यों ने बैठक में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बैठक में राकेश बंसल, रोहित गुप्ता, संजीव अग्रवाल, नितिन अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।



मोजम्मजाही मार्केट स्थित आरोग्या अस्पताल में 76 वें गणतंत्र दिवस प्रतिवर्ष की भाँति परंपरागत तरीके सें संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि जालंधर से पधारे प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक डॉ. सर्वेश्वर चन्द्र सूद एवं अन्य आमंत्रित अतिथिगणों के अभिनन्दन से हुई। मोहम्मद सलीम अहमद समारोह के सम्मानीय अतिथि रहे। आरोग्या अस्पताल की ओर से डॉ. श्यामसुन्दर अग्रवाल ने ध्वजारोहणकर्ता डॉ. सर्वेश्वर चन्द्र सूद और डॉ. महेश शर्मा नें मोहम्मद सलीम का पुष्पमाला से स्वागत किया। नन्हे मुन्हों की भागीदारी समारोह की विशेषता रही। आयोजकों की ओर से मास्टर अराहान और मास्टर अथर्व गुप्ता ने मास्टर अरफात और कृषिव नाराणिया का शॉल द्वारा अभिवादन किया। डॉ. सूद ने भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात तिरंगा फहराया।



हिन्दी महाविद्यालय में 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिंजराजका वैल्यू स्टील प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष दिनेश बिंजराजका उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी कैडेट की परेड द्वारा हुआ, जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथि, प्राचार्या तथा प्रबंधन के सदस्यों द्वारा किया गया, तत्पश्चात इन सभी के द्वारा सामूहिक रूप से ध्वज फहराया गया तथा सामूहिक राष्ट्रगान हुआ।



सरस्वती पूजा समिति रामंतापुर द्वारा हर्षोल्लास के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।



शारदा नगर कॉलोनी, वनस्थलीपुरम में उत्तर भारती नागरिक संघ द्वारा 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एन.के. सिंह, अध्यक्ष, नंद किशोर सिंह, राजशेखर शर्मा, लता शर्मा, एच. श्रीनिवास राव, लक्ष्मण राव, टिम्मा रेड्डी, श्रीनिवास शर्मा, एडवोकेट सुब्रमण्यन, डॉ. अप्पा राव, पी. सुरेश, सूर्यांश सिंह एवं अन्य उपस्तिथ थे।



हिंदी स्प्रिंग गच्चीबावली हैदराबाद में गणतंत्र दिवस मनाया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल अंगद राजपाल सिंह एवं वरिष्ठ नागरिकों ने झंडा रोहण किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



विवेक वर्धिनी शिक्षण संस्था मेंहर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया है। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि सुनील गानु द्वारा किया गया है।



सेवानिकेतन सिकंदराबाद में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।



राधे अलबेली सरकार सेवा समिति द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गौ माता के लिए छप्पन भोग का आयोजन शिव मंदिर गौशाला, मलकपेट में किया गया। जिसमें गौ मित्र मंडल के मनोज अग्रवाल, प्रदीप मोर, यश अग्रवाल, सुनील जयालिया का स्वागत करते हुए सुभाष अग्रवाल, मिलन वर्मा, उमेश अग्रवाल, गर्व एवं मंडल के अन्य सेवादार उपस्थित थे।



अग्रवाल समाज अत्तापुर पश्चिमांचल शाखा की ओर से 76 गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम डिलीश एंबीएंस फोर्ट के पास आयोजित किया गया। नरेश पचेरिया द्वारा झंडा वंदन कर राष्ट्रीयगान कर महाराज अग्रसेनजी की पुजा की गई तत्पश्चात अल्पाहार लिया गया।

# साँझ के साथी की गणतंत्र दिवस काव्य संध्या भव्यता से सम्पन्न

**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साँझ के साथी की गणतंत्र दिवस काव्य संध्या हिन्दी प्रचार सभा नामपल्ली के सभागार में भव्यता से सम्पन्न हुई।

साँझ के साथी के सचिव नंदगोपाल भट्टड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार, कवि डॉ. ऋषभ देव शर्मा ने की। साँझ के साथी के परामर्श मण्डल के सदस्य वेणुगोपाल भट्टड, साँझ के साथी के अध्यक्ष अजित गुप्ता, सचिव नंदगोपाल भट्टड, सह सचिव ज्योति नारायण तथा श्रुतिकांत भारती मंच पर विराजमान थे। सरस्वती पूजन के



पश्चात श्रीमती ज्योति नारायण की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अजित गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने साँझ के साथी का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में साँझ के साथी द्वारा कुल 9 कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने भविष्य की योजन-ाओं के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष हैदराबाद के काव्य मंच के इतिहास तथा हैदराबाद में हिन्दी काव्य मंच की स्थापना में हिंदी कवियों के योगदान के विषय में जानकारी संग्रहित कर उसे पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने की योजना है। कार्यक्रम अध्यक्ष डाक्टर ऋषभ देव शर्मा तथा संस्था अध्यक्ष अजित गुप्ता का स्वागत अंगवस्त्र द्वारा किया गया। कवियित्री ज्योति नारायण के सुन्दर संचालन में विभिन्न विधाओं में, समसामयिक विषयों पर सुमधुर काव्य पाठ किया। सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि वेणुगोपाल भट्टड की चुटीली टिप्पणियों से सभागार बार-बार ठहाकों से गुंजायमान होता रहा। काव्य पाठ करने वालों में वेणुगोपाल भट्टड़, डॉ.ऋषभदेव शर्मा, अजित गुप्ता, नन्द गोपाल भट्टड़, ज्योति नारायण, रामकृष्ण पांडे, सुनीता लूल्ला, राजीव सिंह, वर्षा शर्मा, रेखा अग्रवाल, चम्पालाल बैद, वीणा प्रसाद, के पी अग्रवाल, गीता अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सुरभि दत्त, मोहिनी गुप्ता, सत्यनारायण काकडा, शोभा देशपांडे, डॉक्टर मुमताज, सुधा ठाकुर, बलवीर सिंह, उमा सोनी, सविता सोनी, पुष्पा वर्मा, अंजनी कुमार गोयल, रूबी मिश्रा, देवा प्रसाद मायला, सत्य प्रसन्न एवं मंजू राठी ने काव्य पाठ किया ख इस कार्यक्रम की सफ़लता हेतु कैलाश भट्टड, प्रेम नारायण, जय काबरा ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया ख साँझ के साथी की सह सचिव ज्योति नारायण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



कुमावत समाज ट्रस्ट हैदराबाद निर्माणधीन भवन मैलारदेवपल्ली में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज के संगठन मंत्री तुलसाराम बाकरेचा, परार्मशदाता गेनाराम गोठवाल, पारसराम शंकरलाल एकलिया जस्साराम बाकरेचा, भियाराम मानणिया ने भाग लिया व राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया।

# हिंदी प्रचार सभा गणतंत्र दिवस मनाया गया



**हैदराबाद, 26 जवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद तथा सभा द्वारा संचालित मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय याकुतपुरा में गणतंत्र दिवस धूम-धाम से मनाया गया। सभा प्रांगण में सभा के अध्यक्ष प्रो. चंद्रदेव कवडे ने ध्वजा रोहण किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान मंत्री एस. गैबुवली, परीक्षा मंत्री प्रो. सुरेश पुरी, कानूनी सलहाकार हाई कोर्ट के प्रमुख वकील जे. वेंकटराम नरसिंहा रेड्डी, संचालन समिति सदस्य श्रीमती विजया वाघमोडे, तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा के अध्यक्ष के. रामचंदर, मंत्री ए.के. राजु, एस.बी.आई. के मैनेजर गोपाल और डिप्टी मैनेजर के. भरत कुमार एवं सभा के समस्त कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय में सभा के कानूनी सलहाकार हाई कोर्ट के प्रमुख वकील जे. वेंकटराम नरसिंह रेड्डी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभा के कानूनी सलहाकार हाई कोर्ट के प्रमुख वकील जे. वेंकटराम नरसिंहा रेड्डी, अध्यक्ष प्रो. चंद्रदेव कवडे, प्रधान मंत्री एस. गैबुवली, परीक्षा मंत्री प्रो. सुरेश पुरी, संचालन समिति सदस्य श्रीमती विजया वाघमोडे, तेलंगाना हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के अध्यक्ष के. रामचंदर, मंत्री ए.के. राजु, सभा के कार्यालय मंत्री के. वेंकटेश्वर, रजिस्ट्रार नामदेव वाघमोडे, सी. शिवलिंगम, माया पाण्डेय, सी. विनोद कुमार और मुफिद-उल-अनाम बालिका विद्यालय के अध्यापिकाएँ अलका, श्रद्धा, नंदा, रजनी आदि उपस्थित थे।



गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नवभारत निर्माण संघ द्वारा प्रसिद्ध कवियित्री एवं प्रख्यात लेखिका सुषमा बैद को उनके घर जाकर झांसी रानी लक्ष्मी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाज सेवी श्री अमृत कुमार जैन, संघ के अध्यक्ष एस रवि कुमार, श्रीमती मीनाक्षी जैन, उमा माहेश्वरी श्रीनिवास, विमल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Rama Laxmi Devi W/o Mandla Srinivasulu R/o (V&T)-Bestawaripeta, (D)-Prakasam, (S)-A. P. - 523334, have Changed my name from Rama Laxmi Devi to Mandla Rama Lakshmi Devi, vide affidavit dt.27-1-2025 before Sec-Bad Court.

**CHANGE OF NAME**
I, M Bharat S/o Mandla Srinivasulu R/o (V&T)- Bestawaripeta. (D)-Prakasam, (S)-A. P. - 523334, have changed my name from M Bharat to Mandla Bharath, vide affidavit dt.27-1-2025 before Sec-Bad Court.

**CHANGE OF NAME**
I, VENKETSWARI Mother of Service No. 15707526N Nk SAITHANA V NAGANNA DORA, R/o.H.No.3-169, Vill:Kandarda, PithapuramMandal, Po: F K Palam, Dist:East Godavari, Andhra Pradesh-533450 have changed my name and DOB from VENKETSWARI, DOB:01-07-1971 to SAITANA VENKATESWARI, DOB:1-1-1973 vide affidavit dt:22-1-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, RAM BABU father of Service No. 15707526N Nk SAITHANA V NAGANNA DORA, R/o. H.No.3-169, Vill:Kandarda, PithapuramMandal, Po: F K Palam, Dist:East Godavari, Andhra Pradesh-533450 have changed my name from RAM BABU to SAITANA RAMBABU vide affidavit dt:22-1-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SUSHMAWATI Spouse of Service No. 14920159Y Ex Nk MATCHA MAHESWARA RAO, R/o.H.No.4-38-158/A, Plot No.B/563, Mohalla: Dheenabandu Colony, Kukatpally, Teh:Balanagar, Dist:MedchalMalkajgiri, Telangana-500037 have changed my name from SUSHMAWATI to MATCHA SUSHMAWATI vide affidavit dt:27-1-2025 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, MADHURI DEVI Spouse of Service No.JC 705200M Sub/NUR ASST MANDIP KUMAR SINGH, R/o.Vill:Dhanoura, Po:Kothiya (Naraon), Dist:Saran, Bihar - 841216 have changed my name from MADHURI KUMARI to MADHURI DEVI vide affidavit dt:27-1-2025 before Smt.Zeenath Begum, Advocate and Notary, Karkhana Bazar, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6945562L NK MANOJ KUMAR CHATURVEDI of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my father Name is changed from SHIV MURAT CHATURVEDI to SHIV MURAT PRASAD CHATURVEDI and my mother name is changed from NAN BAI CHATURVEDI to NANBAI CHATURVEDI

# संविधान की रक्षा के लिए राहुल गांधी के साथ मिलकर लड़ रहे हैं : रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद/इंदौर, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए राहुल गांधी के साथ मिलकर लड़ रही है।मध्य प्रदेश के इंदौर में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में बोलते हुए रेवंत रेड्डी ने राष्ट्र के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए इस संघर्ष के महत्व पर जोर दिया।



रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि यह महज एक चुनावी रैली नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच युद्ध है - संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध और इसे बदलने का प्रयास करने वाले।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पदभार ग्रहण करने के बाद से संविधान को बदलने के लिए लगातार प्रयास करने का आरोप लगाया और उनके कार्यों की तुलना शोषण के ऐतिहासिक उदाहरणों से की।

रेवंत रेड्डी ने कहा, राहुल गांधी ने इन खतरों को पहले ही पहचान लिया था और संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई में दृढ़ रहे हैं। उन्होंने मोदी और महमूद गजनवी के बीच तुलना करते हुए दावा किया कि मोदी संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके प्रयास अंततः विफल होंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह महात्मा गांधी ने देश को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराया, उसी तरह राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए मजबूती से खड़े हैं, जिसे मैं 'ब्रिटिश जनता पार्टी' कहता हूं। राहुल गांधी इन ताकतों के खिलाफ प्रतिरोध के प्रतीक हैं।

रेवंत रेड्डी ने मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को दो परिवारों- गांधी परिवार और गोडसे परिवार के बीच की लड़ाई के रूप में पेश किया। उन्होंने आग्रह किया, मोदी गोडसे परिवार की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि राहुल गांधी गांधी परिवार के मूल्यों के लिए खड़े हैं। हम सभी को इस लड़ाई में राहुल गांधी के साथ एकजुट होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने संविधान की रक्षा और महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की आवश्यकता पर जोर दिया।

यहां एक बयान के अनुसार, उन्होंने नागरिकों से देश के लोकतांत्रिक भविष्य के लिए इस महत्वपूर्ण लड़ाई में एकजुट होने का आह्वान किया।

# बंडी संजय ने केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं का नाम बदलने के खिलाफ दी चेतावनी



**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने दोहराया कि अगर राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना और गरीब कल्याण योजना जैसी अपनी कल्याणकारी योजनाओं के नाम बदल देती है तो केंद्र सरकार चुप नहीं बैठेगी।

उन्होंने कहा कि अगर इस तरह के बदलाव किये गये तो राज्य सरकार को दरकिनार कर केंद्र इन योजनाओं को सीधे लागू कर देगा।संजय ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपने ब्रांडिंग प्रयासों के साथ तालमेल बिठाने के लिए पीएम आवास योजना और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के नाम बदल रही है।

संजय ने तेलंगाना सरकार की इस बात के लिए आलोचना की कि वह केंद्रीय कल्याण योजनाओं के आधिकारिक नामों का इस्तेमाल नहीं कर रही है, बल्कि इसके बजाय इंदिरम्मा आवास योजना और अन्य जैसे नामों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने चिंता जताई कि इस कदम से गरीबों के साथ अन्याय हो सकता है, लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र यह सुनिश्चित करेगा कि इन योजनाओं का लाभ इच्छित लाभार्थियों तक पहुंचे।

अपनी आलोचना के बावजूद, बंडी संजय ने तेलंगाना के विकास के लिए केंद्र के निरंतर समर्थन पर प्रकाश डाला, और दावा किया कि पिछले दशक में राज्य को 12 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने गांवों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की सफलता का श्रेय केंद्रीय पहलों के समर्थन को दिया, और राज्य सरकार से इन योजनाओं का नाम बदलने के बजाय लोगों तक इनका लाभ पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

# सीताक्का ने तेलंगाना कल्याण योजनाओं का बचाव किया

## भ्रामक टिप्पणियों के लिए केटीआर की आलोचना की

**हैदराबाद , 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना की पंचायत राज, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री दानसारी अनसूया सीताक्का ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की टिप्पणियों की कड़ी निंदा की और उन पर कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अनावश्यक दहशत फैलाने का आरोप लगाया। सोमवार को जारी एक बयान में सीथक्का ने केटीआर के इस दावे को खारिज कर दिया कि कल्याणकारी पहलों से बाहर रखे गए गांव युद्ध के मैदान में बदल सकते हैं।



सीताक्का ने केटीआर के दावों का खंडन किया और सरकार के दृष्टिकोण का बचाव किया।

सीताक्का ने केटीआर के इस सुझाव का खंडन किया कि कल्याणकारी कार्यक्रम प्रति मंडल एक गांव तक सीमित थे, उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का चरणबद्ध दृष्टिकोण सभी पात्र गांवों में इन पहलों की शुरूआत सुनिश्चित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई कल्याणकारी योजनाओं का उत्साह के साथ स्वागत किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव का माहौल बना हुआ है, और उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन कार्यक्रमों से लाभ मिले।

मंत्री ने केटीआर पर कल्याणकारी प्रयासों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और चुनावी लाभ के लिए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। सीताक्का ने मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त बिजली और सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर जैसी प्रमुख कल्याणकारी पहलों का उदाहरण देते हुए कहा कि ये लाभ बिना किसी भेदभाव के लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे हैं।सीताक्का ने इन कल्याणकारी योजनाओं के चरणबद्ध क्रियान्वयन के बारे में केटीआर की समझ पर भी सवाल उठाया और राजनीतिक संबद्धता से परे सभी पात्र नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

इसके अलावा, मंत्री ने पिछली सरकार के अधूरे वादों पर चिंता जताई, जिसमें दलित आदिवासी परिवारों के लिए तीन एकड़ जमीन का प्रावधान, दलित बंधु और बीसी बंधु योजनाएं और गरीबों के लिए आवास में प्रगति की कमी शामिल है। उन्होंने पिछले प्रशासन के दौरान नए राशन कार्ड जारी करने और अन्य वादों की उपेक्षा करने के लिए केटीआर के नेतृत्व की आलोचना की।

सीताक्का ने तेलंगाना के लोगों से वास्तविक कल्याणकारी पहलों और राजनीतिक बयानबाजी के बीच अंतर करने का आग्रह किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वर्तमान सरकार सभी नागरिकों के कल्याण और उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# हुसैन सागर झील में नावों में आग लगने के बाद लापता युवक की तलाश जारी



**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद के हुसैन सागर झील में रविवार रात दो नावों में आग लगने के बाद लापता हुए एक युवक की तलाश जारी है ।झील से सटे नेकलेस रोड स्थित पीपुल्स प्लाजा में भारत माता महा हरति कार्यक्रम के तहत झील में दो नावों से आतिशबाजी की गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से एक की हालत गंभीर है।सोमवार तड़के एक युवक के परिवार ने पुलिस को सूचना दी कि उसका बेटा कल रात हुसैन सागर से लापता हो गया है।

युवक की पहचान अजय के रूप में हुई है। उसकी मां और परिवार के अन्य सदस्य सोमवार सुबह झील पर पहुंचे और अधिकारियों से उसे खोजने के लिए तलाशी अभियान शुरू करने की मांग की।आपदा प्रतिक्रिया बल के विशेषज्ञ तैराकों को तलाशी अभियान के लिए तैनात किया गया था। शहर के बाहरी इलाके नागरम के इंजीनियरिंग छात्र अजय ने अपनी मां को बताया था कि वह अपने दोस्तों के साथ टैंक बंड पर है।उसकी मां ने बताया कि उन्होंने रात करीब साढ़े आठ बजे उससे फोन पर बात की थी और उसने बताया था कि वह आधी रात के बाद घर लौटेगा।उसने बताया कि उसने रात 11 बजे के आसपास उसे फोन किया था, लेकिन फोन बंद था। उसने आधी रात के आसपास फिर से कोशिश की। अजय के एक दोस्त ने रात 2 बजे परिवार से संपर्क करके बताया कि वह लापता है।

अजय के दोस्तों के साथ परिवार के सदस्य अस्पताल गए ताकि पता चल सके कि वह घायलों में शामिल है या नहीं। जब उन्हें वह नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। उन्हें संदेह है कि अजय आग लगने के बाद झील में कूद गया होगा।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पटाखों में विस्फोट के कारण लगी आग की जांच जारी रखी है। घायलों की पहचान गणपति (22), के. साई चंद (20), चिनताला कृष्णा (47) और प्रणीत के रूप में हुई है। गणपति को गंभीर हालत में यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन अन्य को मामूली चोटें आईं और उन्हें गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गोशामहल में उस्मानिया अस्पताल के निर्माण के विरुद्ध प्रदर्शन

**हैदराबाद, 27 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गोशामहल क्षेत्र में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा प्रस्तावित एवं 31 जनवरी को उसका भूमि पूजन के विरोध में क्षेत्रीय निवासियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गोशामहल पुलिस ग्राउंड जो 50 हजार निवासियों का क्षेत्र हैं और गोशामहल के बीचोबीच में बना हुआ है। इस जगह पर अस्पताल बनाने का सरकार का निर्णय क्षेत्रवासियों को चिंता में डाल दिया है। क्षेत्रीय निवासियों को डर सता रहा है कि अस्पताल के निर्माण से क्षेत्र में वायु प्रदूषण उत्पन्न होगा जिससे क्षेत्र के आसपास रहने वाले बुजुर्ग, महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों को अपनी चपेट में ले सकता है। विज्ञप्तिा में चिंता व्यक्त की गई कि गोशामहल पुलिस ग्राउंड जो प्लेग्राउंड भी है युवाओं को खेल-कूद से दूर कर देगा और क्षेत्र के युवा इससे महरूम हो जाएंगे।

इससे पूर्व संयुक्त आंध्र में तत्कालीन तेलुगु देशम पार्टी सरकार के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मुशीराबाद जेल को शहर से बाहर चेंगींचेरला में स्थानांतरित किया और उस जगह पर गांधी अस्पताल का शानदार निर्माण किया है।

इसी की तर्ज पर तेलंगाना राज्य तेदेपा वाणिज्य शाखा ऑर्गेनाइजिंग सचिव के.डी. दिनेश में विरोध करते हुए मांग सीएम रेवंत रेड्डी से मांग की कि सेंट्रल प्रीजन चंचलगुड़ा हैदराबाद जेल जो शहर के अंदर है उसे शहर से दूर निर्मित कर वहां पर उस्मानिया अस्पताल का निर्माण किया जाए। जिससे दुरदरास से आने वाली जनता को मलकपेट रेलवे स्टेशन और शहरवासियों को भी इसकी सुविधाएं मिल सकेंगी और एंबुलेंस को भी आने-जाने की सहूलियत होगी। तेदेपा सदस्यों ने सीएम ए. रेवंत रेड्डी से मांग करते हुए इसे लागू करने का अनुरोध किया एवं चेतावनी दी कि इस पर अमल नहीं हुआ तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

इसी मांग को लेकर चंचलगुड़ा जेल के पास के.डी. दिनेश, प्रेम प्रकाश शर्मा, डी. गोपाल राव एडवोकेट, प्रद्युम मिश्रा, रामचंद्र पुजारी एवं अन्य ने विरोध प्रदर्शन किया।










स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.